२ /51

# 2409N485

Candidate's Seat No :________

**M. A Sem.-4 (Rep) Examination**

**507**

**Hindi**

**September-2024**

**Time : 2-30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

---

प्रश्न -1 शोध की परिभाषा और अर्थ स्पष्ट करते हुए शोध के पर्यायों का विश्लेषण कीजिए। (14)

अथवा

शोध का महत्व समझाते हुए शोध-तत्त्वों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न- 2 साहित्यिक शोध की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (14)

अथवा

भाषा वैज्ञानिक शोध के विविध प्रकारों का उल्लेख करते हुए उसके महत्व की चर्चा कीजिए।

प्रश्न -3 पांडुलिपि संपादन के विविध सोपानों पर प्रकाश डालिए। (14)

अथवा

पांडुलिपि का अर्थ एवं स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके प्रकारों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न- 4 शोध के उपकरणों के अंतर्गत पुस्तकालय एवं अंतर्जाल के विषय में विस्तृत आलेखन कीजिए। (14)

अथवा

शोध-पत्र लेखन की प्रविधि एवं प्रक्रिया का निरूपण कीजिए।

प्रश्न- 5 योग्य विकल्प चुनकर किन्हीं 7 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (14)

१) निम्नलिखित में से कौन- सा शब्द शोध के पर्याय के रूप में प्रयुक्त होता है?

(अ) साहित्य (आ) समीक्षा (इ) पांडुलिपि (ई) अनुसंधान

२) ' मन्नू भंडारी की कहानियों में कामकाजी स्त्रियों का समाजशास्त्रीय अध्ययन' का समावेश शोध के किस प्रकार के अंतर्गत होगा?

(अ) शैली वैज्ञानिक शोध (आ) तुलनात्मक शोध (इ) अंतर्विद्याकीय शोध (ई) ऐतिहासिक शोध

३) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शोध का सोपान नहीं है ?

(अ) स्त्री-पुरुष समानता (आ) विषय निर्धारण (इ) निष्कर्ष की प्रस्तुति (ई) तथ्यों का संकलन

४) 'हिन्दी प्रबंध काव्य का उद्भव और विकास' -को शोध के किस प्रकार के अंतर्गत रखा जा सकता है?

(अ) तुलनात्मक (आ) साहित्यिक (इ) ऐतिहासिक (ई) भाषा वैज्ञानिक

P.T.O

N 485 · 2

५) 'शैली विज्ञान' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(अ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (आ) भोलानाथ तिवारी (इ) अज्ञेय (ई) प्रेमचंद

६) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शोध के आरंभिक चरण का हिस्सा नहीं है?

(अ) विषय निर्धारण (आ) प्रकरण विभाजन (इ) तथ्य संग्रहण (ई) परिशिष्ट

७) पांडुलिपि के लिए अंग्रेजी में कौन-सा शब्द प्रचलित है?

(अ) Research (आ) manu script (इ) criticism (ई) dictionary

८) निम्नलिखित में से कौन -सा विकल्प शोध के प्रारूप एवं शैली से संबंधित है?

(अ) APA (आ) MCQ (इ) UNI (ई) JPG

९) शोध कार्य में निम्नलिखित में से क्या बाधक हो सकता है?

(अ) पाठ विश्लेषण (आ) पाठ विकृतियाँ (इ) पाठानुसंधान (ई) प्रश्नावली एवं सर्वेक्षण

१०) शोधकार्य में अनुसंधित्सु से क्या तात्पर्य है?

(अ) अनुसंधान की प्रविधि (आ) अनुसंधान का निष्कर्ष (इ) शोधार्थी (ई) शोध प्रक्रिया

११) शोध का मूल बीज किसे माना गया है?

(अ) विषय निर्धारण(आ) जिज्ञासा (इ) सर्व विषयों का ज्ञान (ई) लेखन शैली

१२) 'वर्ड्सवर्थ और सुमित्रानंदन पंत के काव्य का अध्ययन' किस प्रकार का अनुसंधान हैं?

(अ) तुलनात्मक (आ) ऐतिहासिक (इ) कोश वैज्ञानिक (ई) भाषा वैज्ञानिक